खुशखबरी : झारखंड की फ्लोरेंस बारला ने हांगझोऊ एशियाई खेलों के 400 मीटर रिले के लिए किया क्वालीफाई

रांची
टीम sportsjharkhand.com

भाटिया एथलेटिक्स अकादमी की प्रशिक्षु और पूर्वोत्तर रेलवे, बिलासपुर में कार्यरत फ्लोरेंस बारला ने हांगझोऊ एशियाई खेलों के 400 मीटर रिले के लिए क्वालीफाई कर लिया है। भुवनेश्वर में आज 62वीं सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दौरान फ्लोरेंस ने अपना सर्वश्रेष्ठ 53.33 सेकंड का समय निकाला। दौड़ में वे पांचवें स्थान पर आईं लेकिन रिले टीम के लिए क्वालीफाई कर गईं। तय नियमों के अनुसार रिले टीम में कुल 6 एथलीट होते हैं जिनमें से चार भाग लेते हैं और दो एथलीट रिजर्व रहते हैं। सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई टूर्नामेंट था। इसमें टॉप छह स्थान पर रहनेवाले एथलीट एशियाई खेलों के रिले में भाग लेंगी जबकि टॉप 2 एथलीट रिले के साथ एकल में भी भाग लेंगे। फ्लोरेंस पहले झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसायटी (JSSPS) की प्रशिक्षु थी लेकिन आंतरिक राजनीति में फ्लोरेंस को बाहर कर दिया गया था। इसके बाद से फ्लोरेंस भाटिया एथलेटिक्स अकादमी में कोच आशु भाटिया से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

LICENSED TO: ATHLETICS FEDERATION OF INDIA

62nd National Inter State Senior Athletics Championship

15-19 June 2023

Kalinga Stadium, Bhubaneswar (Odisha)

6/15/23 - 6/19/23 16-06-2023

Event # 25 WOMENS 400m Run

@ W.AC. Q.MARK: 51.00

& ASIAN G Q.MARK: 52.96

NR: HIMA DAS JAKARTA 50.79 26/08/2018

% MR: HIMA DAS GUWAHATI [illegible]

RESULTS OF FINALS

1	ANJALI DEVI	181	15/09/98	HARYANA (W)	51.48 &
2	HIMANSHI MALIK	176	22/04/02	HARYANA	51.76 &
3	R VITHYA RAMRAJ	332	20/09/98	TAMIL NADU	52.49 &
4	AISHWARYA KAILASH MISHRA	363	16/08/97	MAHARASHTRA	52.79 &
5	FLORENCE BARLA	187	01/01/03	JHARKHAND	53.33
6	PRACHI	348	20/12/96	UTTAR PRADESH	53.69
7	SUBHA VENKATESAN	339	31/08/99	TAMIL NADU	53.77
8	SONIA BAISHYA	370	01/12/93	WEST BENGAL	54.12

SPORTS JHARKHAND
झारखण्ड का पहला खेल Portal

फ्लोरेंस की उपलब्धि पर जेसोवा की अध्यक्षा मिनी सिंह, एथलेटिक्स कोच, प्रशासक और खेल प्रेमियों ने बधाईयां और एशियाई खेलों के लिए शुभकामनाएं दी हैं।